जागरण

# देहरादून में नकली सिगरेट रैकेट का भंडाफोड़, एसटीएफ ने पकड़े 22 हजार नकली पैकेट



जागरण संवाददाता, देहरादून। दून में नकली सिगरेट के गोरखधंधे का भंडाफोड़ हुआ है। उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने ब्रांड की नकली सिगरेट बेचने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 22 हजार एक सौ नकली सिगरेट के पैकेट बरामद किए हैं।

कार्रवाई में नकली उत्पाद तैयार कर सरकारी राजस्व को भारी चूना लगाए जाने का पर्दाफाश हुआ है। दिल्ली और मुजफ्फरनगर से गिरोह संचालित किया जा रहा था, जिसके चलते एसटीएफ की टीमें भी दूसरे राज्यों के लिए रवाना कर दी गई हैं।

Source: https://www.jagran.com/uttarakhand/dehradun-city-fake-cigarette-racket-busted-in-dehradun-stf-seizes-thousands-of-packets-23982432.html